## खबर संक्षेप



### प्याऊ में रखे गए मटके राहगीरों को मिलेगी राहत

परासिया :- नगर पालिका परासिया के द्वारा तहसील कार्यालय के समीप खोले गए सार्वजनिक प्याऊ में जहां केवल पोस्टर था , पर मटकें गायब थे , शनिवार को वहां अब मटकें रख दिए गए हैं और उनमें पानी भी भर दिया गया है । जिससे राहगीरों को अब राहत मिल सकेगी ।बता दें कि दैनिक अखबार हरिभूमि ने प्याऊ में मटकें नहीं होने की खबर प्रकाशित की थी , जिसके बाद सी एम ओ योगेश बट्टी ने मामले का संज्ञान लेते हुए जानकारी ली और बताया , कि शाम को सुरक्षा की दृष्टि से मटकें प्याऊ से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रख दिए जाते हैं । प्याऊ में नियमित पानी उपलब्ध रहे इसके लिए एक कर्मचारी भी तैनात है ।

### जिला कांग्रेस सेवादल की नवीन कार्यकारिणी घोषित

छिन्दवाड़ाः- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सेवादल की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक माननीय कमलनाथ जी, माननीय नकुलनाथ जी, श्री विश्वनाथ ओकटे, श्री गंगाप्रसाद तिवारी, श्री गोविंद राय एवं श्री सुरेश कपाले होंगे।कांग्रेस सेवादल की घोषित जिला कार्यकारिणी में जिला प्रभारी राकेश मरकाम, जिला अध्यक्ष दीपक वाजपेई मनोनीत किए गए हैं। उपाध्यक्षः- सुमित जैन, रमेश बेले, कमल मदान। महासचिवः- हेमंत सिंह राजपूत, शिशु डेहरिया, शंकर पाल, प्रेम उइके, व नफीस कश्मीरी को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्य प्रशिक्षक राजेश धुर्वे व सहप्रशिक्षक पद पर गजेन्द्र खिरेकर, गोविन्द इवनाती, प्रदीप जोशी, देवी सिंह राजपूत, व एकनाथ तेबुलकर मनोनीत किए गए हैं।सचिवः- राधेश्याम वर्मा, कन्हैया सिगोनिया, बसोड़ीलाल परतेती, शिवदीन सूर्यवंशी, बसंत शर्मा, केशवराव चरपे, सुनील सारंगपुरे, गजेन्द्र इन्दौरकर, नौखेलाल साहू व दीपक साहू को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

छिंदवाड़ा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की तैयारियों के तहत नगर निगम सभा कक्ष में आयुक्त सी.पी. राय द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान शहर के आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों, बैकलेन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की व्यवस्था, पार्क एवं उद्यानों की साफ-सफाई, सीटीयू एवं ब्लैक स्पॉट, धार्मिक स्थलों, जल संरचनाओं और नालों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा RRR केंद्र, सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय, स्वतंत्रता सेनानी मूर्तियों एवं प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया गया।आयुक्त श्री राय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

# नारे लेखन से जागरूक कर रहे ग्रामीणो को जल बचाने








छिंदवाड़ा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंर्तगत जल स्त्रोतों की स्वच्छता अपनाने ग्राम धोलपुर मे जन जागरूकता लाने नारे लेखन किया गया ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ,बी एस डब्ल्यू एवं एम एस डब्ल्यू के छात्रो ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीण जनो को जल का संरक्षण , खुले पाईप मे नलो की टोंटी लगाने , ओर पानी का अपव्यय ना करने की अपील की है । वही ग्रामीणों को भी जल संवर्धन के उपायो को समझाकर बरसात मे अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने कहा गया ।इस नारे लेखन कार्य के साथ जन जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने मे सी एम सी एल डी पी के छात्र रत्नमाला झरवड़े, रेणुका उपासनी का सराहनीय सहयोग रहा ।

## नकुलनाथ के समक्ष छात्र युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ-एनएसयूआई की ली सदस्यता

छिन्दवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के विकास कार्यों व युवाओं की शिक्षा व रोजगार के अवसर सतत रूप से उपलब्ध कराने वाले नेताद्वय की रीति व नीति से प्रभावित होकर छात्र युवाओं ने जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने हुए एनएसयूआई में शामिल हुए।एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अपेक्षा सूर्यवंशी के प्रयासों, विधान सभा अध्यक्ष अविनाश ककोड़िया कार्यवाहक अध्यक्ष राजू वाडिवा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा छात्रों ने सदस्यता ग्रहण की। संजय उईके, नैतिक मर्सकोले, शिवराम उइके, मोहित उइके, रोहित उइके, जितेंद्र भलावी, संगम उइके, संतोष उइके, अनुराग मर्सकोले, रोहित धुर्वे, सागर सरयाम, वीरेंद्र उइके, विनोद ककोड़िया, अनुराग प्राणी, असलम खान, नीरज उइके, राजा उइके, अंकेश उइके, विक्रम उइके, रुपेश धुर्वे, मनेश मर्सकोले, पवन मर्सकोले, मस्तराम कुमरे, रोहित कुमरे, प्रशांत उइके, अरूण मर्सकोले, इंद्रपाल टेकाम,राम अहिके, विजय धुर्वे, कमलेश सरयाम, आकाश परतेती, अरविंद उइके, शिवम धुर्वे, राजीव कुमरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूटन नगर में हरे माधव प्याऊ का शुभारंभन



परासिया

नगर न्यूटन में अलग - अलग दो स्थानों पर हरे माधव प्याऊ का शुभारम्भ किया गया । प्याऊ का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक रहे स्वर्गीय सुरेश यदुवंशी की स्मृति में किया गया । संघ के जिला प्रचारक अजय शुक्ला , नगर संघचालक अल्केश जैन और नगर कार्यवाह श्री अटल के द्वारा प्याऊ की शुरुआत की गई ।बता दें की भाजपा युवा नेता अश्विनी यदुवंशी विगत 5 वर्षो से दिवंगत सुरेश यदुवंशी की स्मृति में लगातार सार्वजनिक प्याऊ लगा रहे हैं । जिससे गर्मी में लोगों और राहगीरों को राहत मिल सके । इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीचंद पटेल , हरि आठनकर , राहुल सराठी , रमेश साहु , इन्द्रपाल साहु , नितिन जायसवाल , राजेन्द्र राय , विकास बरकड़े , श्याम श्रीवास्तव , अकलेश डेहरिया , अशोक यदुवंशी , शिवनाथ कनोजिया , मोहन जायसवाल , लालमन यदुवंशी , हेमांग चन्द्रवंशी , गंगा साहु , जयपाल उईकेb, गिरधारी , गौरव सुर्यवंशी , वासु सुर्यवंशी , जीवन बरखे ,दीपक गेडाम , राजू सोनी , बद्री बरखे , मुकेश गुप्ता , बल्ला सोनी , प्रकाश रत्नाकर , मुकेश भलावी , किशन सोनी, मनोज बंदेबार , हेम यदुवंशी , रेवा यदुवंशी , लोकेश साहु , सुमित यदुवंशी , ललित यदुवंशी , गोविन्द यदुवंशीआदि गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश, तापमान में गिरावट





परासिया

परासिया और आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई । जिससे तापमान तो गिरा , लेकिन तेज हवाओं के चलते शहर में लगे कुछ स्थानों पर लगे होर्डिंग्स भी गिरे । कहीं - कहीं झाड़ गिरने की भी खबर है ।शनिवार को एक ओर जहां चिलचिलाती धूप और बेतहाशा गर्मी से लोग हलाकान थे , तो वहीं दोपहर बाद मौसम के करवट बदलने और बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली । बारिश से पहले बहुत तेज हवाएं चली जिससे जनपद परिसर में लगे होर्डिंग्स गिर गए । कुछ दुकानों के शेड भी थोड़ा क्षतिग्रस्त हुए । कहीं - कहीं पेड़ों के गिरने की सूचना भी मिली , पर कहीं से कोई बड़ी हानि होने की खबर नहीं आई ।

# व्यवसायिक रसोई गैस के बढ़े हुए मूल्यों का जनता की जेब पर पड़ेगा बड़ा असरः- मागो

**भाजपा की सरकार में महंगाई की मार झेल रही जनता, आफत बन गई सरकार की नीतियां**

छिन्दवाड़ा

भाजपा की सरकार में आम आदमी को किसी भी स्तर पर राहत नहीं है। समाज का हर वर्ग प्रभावित और प्रताड़ति है, क्योंकि उसे हर दिन सरकार से मिलने वाली नई-नई चुनौतियों का सामना करते हुए जीवन यापन करना पड़ रहा। कभी रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी से उपलब्धता में की। कभी डीजल-पेट्रोल के लिए मारमारी तो कभी बढ़े हुए मूल्य का सामना करना अब आम बात हो चुकी। उक्त उदगार छिन्दवाड़ा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सोनू मागो ने व्यवसायिक रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े हुए मूल्यों पर सरकार को घेरते हुए व्यक्त किए।जारी बयान में उन्होंने आगे कहा कि महंगाई पर रोज विधवा विलाप करने वाली भाजपा आज पूरी तरह मौन है। कांग्रेस की सरकार में पांच रुपए मूल्य वृद्धि होते ही सड़क पर तांड़व करने वाली भाजपा अब सड़क से नदारद है, उन्हें महंगाई दिखाई नहीं दे रही या फिर वे विवश है कि इस गलत नीति के खिलाफ आवाज उठाए तो उनकी ही सरकार की थू-थू होगी। किन्तु सच्चाई तो यही है कि भाजपा हर दिन जनता पर महंगाई का बोझ डालने से नहीं चूक रही और आम आदमी इस बोझ में दबे जा रहा है। व्यवसायिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम में सीधे लगभग 1 हजार रुपए की वृद्धि हुई है, जो आम आदमी की जेब को प्रभावित करेगी। व्यवसायिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से एक बार फिर घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी से इनकार नहीं किया जा सकता। होटल से लेकर स्ट्रीट फूड के दामों में भी बढ़ोत्तरी होगी जिसका सीधा और व्यापक असर आम जनता की कमाई पर पड़ेगा जिससे सम्पूर्ण आर्थिक ताना बाना झिन्न-भिन्न होगा। उन्होंने भाजपा से मांग की है कि बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस लें अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतर इसका खुला विरोध करेगी।

# महंगाई पर नियंत्रण करने में भाजपा सरकार विफल: कपाले

छिन्दवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले ने बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस के आसमान छूती कीमतों को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल है। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने अगो कहा कि सरकार चुनाव के समय महंगाई कम करने के वादे के साथ सत्ता में आई थी और आज जनता पर सबसे ज्यादा महंगाई की मार इसी सरकार में मिल रही। उन्होंने कहा कि फरवरी से अब तक लगभग 1300 रुपए की मूल्य वृद्धि हुई है जहो महज तीन महीनों में लगभग 81 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्शाती है। यह केन्द्र सरकार की आर्थिक प्रबंधन में विफलता को उजागर करती है।रसोई गैस सिलेंडर पहले 400 से 800 रुपए के बीच मिलते थे वे अब आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गए हैं। इसका सबसे अधिक असर गरीब और माध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ता है। जिससे उनके घरेलू बजट की व्यवस्था बिग गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के प्रभाव पर भी सवाल उठाए और कहा कि यह योजना भी प्रचार की भेंट चढ़ गई है। व्यवसायिक सिलेंडर 3 हजार से अधिक का हो चुका है इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ना है। श्री कपाले ने कहा कि कांग्रेस लगातार महंगाई का विरोध करते हुए जनता को राहत दिलाने का सतत प्रयास करेगी।

# 1 किलो 70 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।**

दिनांक 30.04.2026 को चौकी हिरदेनगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री हेतु घूम रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुर क्रांति कुमार ब्रम्हे द्वारा टीम गठित कर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरछट ठाकुर के नेतृत्व में तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई।

कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से एक थैले में रखे 1 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50,000/- है। मौके पर विधिवत जप्ती कार्यवाही कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना महाराजपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को दिनांक 01.05.2026 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में उप निरीक्षक हरछट ठाकुर, सउनि रमेश पटेल, प्र.आर. धीरज नाग, उत्तम सिंह गोठरिया, आरक्षक सुनील सिंह, महेश उइके एवं रशीद पुशाम की सराहनीय भूमिका रही।



**कार्यवाही** | **पिंडरई बाजार चोरी कांड का खुलासा, पारदी गैंग के 5 आरोपी गिरफ्तार।**

# 52,00,000 से अधिक के जेवर एवं वाहन जप्त

*** सराफा व्यापारी से हुई लाखों की चोरी का खुलासा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मण्डला रजत सकलेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी नैनपुर के मार्गदर्शन में चौकी पिंडरई पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने पिंडरई बाजार में सराफा व्यापारी के साथ हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पारदी गैंग के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर मशरूका बरामद किया है।

दिनांक 25.04.2026 को फरियादी पवन कुमार सोनी निवासी कन्हरगांव द्वारा चौकी पिंडरई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह पिंडरई बाजार में सराफा दुकान लगाने आया था। दुकान लगाने के दौरान अज्ञात व्यक्ति उसके सोने-चांदी के जेवर, नगदी, गिरवी रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों से भरे बैग को चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये थी।

घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपीगण जिला सीहोर के ग्राम लमटी राला पारदीपुरा क्षेत्र के निवासी हैं, जो कंगन, चूड़ी एवं रुद्राक्ष बेचने के बहाने मंडला, सिवनी एवं बालाघाट जिले के विभिन्न गांवों एवं बाजारों में घूमते थे। आरोपीगण समनापुर-सांगवा क्षेत्र के मध्य रेलवे लाइन के पास नाला किनारे अस्थायी डेरा बनाकर रह रहे थे।

दिनांक 25.04.2026 को आरोपीगण चोरी की योजना बनाकर पिंडरई बाजार पहुंचे। बाजार में एक दुकान के सामने रखे थैले में सोने-चांदी के जेवर होने की जानकारी मिलने पर आरोपी विधि से संघर्षरत बालक द्वारा मौका पाकर थैला चोरी कर लिया गया। इसके बाद आरोपी मोटरसाइकिल एवं अल्टो कार से फरार होकर अपने डेरे पहुंचे, जहां चोरी किए गए सामान का आपस में बंटवारा किया गया।

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ के आधार पर चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, नगदी एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

आरोपियों में अपनू लाल पारदी पिता शिवराज पारदी, उम्र 35 वर्ष, निवासी लमटी राला पारदीपुरा थाना नसरूल्लागंज जिला सीहोर। निरकेस पिता निरकालिस, उम्र 26 वर्ष, निवासी लमटी राला पारदीपुरा थाना नसरूल्लागंज जिला सीहोर। अरिसमिन पिता राजपुत्तर पारदी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मूंदीखेड़ी थाना जावर जिला सीहोर। विधि से संघर्षरत बालक। विधि से संघर्षरत बालक शामिल थे।

जप्त सामग्री में सोने के आभूषण 278 ग्राम 340 मिलीग्राम, कीमत लगभग 38,41,000/-, चांदी के आभूषण 5 किलो 492 ग्राम, कीमत लगभग 10,98,600/-, अल्टो कार एवं TVS राइडर मोटरसाइकिल, कुल कीमत लगभग 3,20,000/-, नगदी 30,000/- कुल जप्त मशरूका कीमत लगभग 52,89,600/- हैं।

# गौतम बुद्ध की 2570 वी जयंती पर आयोजित हुये विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विश्व को शांति का संदेश देने वाले महाकारूfणक तथागत गौतम बुद्ध की 2570 वी जयंती/त्रिगुण पावन पूर्णिमा पर मंडला में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए. बुद्धिस्ट सोसायटी के महासचिव शरद मेश्राम ने बताया कि बौद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर 30.04.2026 को शाम 6 बजे विशाल शांति रैली आयोजित की गयी है जो नेहरू स्मारक से प्रारंभ होकर सहर के मुख्य मार्ग से होती हुयी डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत समाप्त हुयी रैली का नेतृत्व पुज्य भदंत धम्म दीप महानंद बोधी जी और विभिन्न जिलों से शिविर में पधारे श्रामनेर द्वारा किया गया. नगर में शांति का संदेश देते हुए यह सभी अनुयायी देवदरा स्थित बुद्ध विहार पहुंचे। बुद्ध विहार में चल रहे 10 दिवस के श्रामणेर शिविर का समापन हुआ। कल 1 मई 2026 को त्रिगुण पावन पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध विहार में पूजा,वंदना,धम्म देशना और विश्व के स भी प्राणियों हेतु मंगल मैत्री के उपरांत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिससे 10 रक्तदाताओं ने रक्त दान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के हाथों से रक्तदान करने वाले साथियों को समिति की ओर से निशुल्क हेल्मेट वितरित किया गया है। साथ ही जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजीस्ट डॉ योगेश शीरश्याम द्वारा रक्त दान करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। रक्तदाताओं में शरद मेश्राम, राहुल वासनिक, प्रयाग राज वैद्य, रेखा मेश्राम, पूनम बौद्ध, भीम राव बांगरे, सरोज कुमार आड़कने, आलोक मेश्राम, संदीप अहिरवार, राज कुमार रैदास शामिल रहे।

# बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब के पौत्र डॉ.भीमराव य.आंबेडकर जी के मुख्यातिथि में राज्यस्तरीय बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन लांजी में

## दस दिवसीय श्रामनेर बौद्धाचार्य,उपासिका धम्म एवं SSD प्रशिक्षण शिविरो का समापन कल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



संस्था अपने उद्देश्य आदर्श बौद्ध समाज का निर्माण करते हुए निरंतर अग्रसर हो रही है,इसी परिपेक्ष में मप्र के जिला बालाघाट की लांजी तहसील मुख्यालय एवं अन्य स्थानों में संस्था के प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन मप्र राज्य शाखा द.के अनुशंसा से केंद्रीय शाखा मुंबई के निर्देशानुसार जिले के दस तहसील/सर्कल मुख्यालयों में दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर कल से 3 मई तक,1 से 3 मई तक समता सैनिक दल का सैनिक एवं 24 अप्रैल से 3 मई 2026 तक दस दिवसीय श्रामणेर-बौद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन किया गया था उन, शिवीरों का समापन एवं लांजी मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन आयोजित किया हैं जिसके मुख्य अतिथि बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र परम आद.डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब होंगे,अध्यक्षता प्रमोद कुमार भीमटे तहसील अध्यक्ष लांजी एवं अशोक कुमार मेश्राम जी स्वागत अध्यक्ष होंगे,प्रमुख अतिथियों में संस्था कैप्टन प्रवीण निखाड़े जी अंतरराष्ट्रीय सचिव मुंबई, एड.एस के भंडारे ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,डॉ.एवं एड.जगदीश गवई सर,बी.एच.गायकवाड गुरुजी मुंबई,डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा द.बालाघाट,गौतम पाटिल जी राज्य संगठक भोपाल,सी.एल.बौद्ध सर राष्ट्रीय संगठक दतिया मप्र,आर.सी.दिवाकर जी अध्यक्ष मप्र उत्तर शिवपुरी,अनिल भाऊ मेश्राम अध्यक्ष छ.ग.राज्य शाखा भिलाई एवं अन्य पदाधिकारी रहेंगे,विशेष अतिथियों में मप्र राज्य शाखा,मप्र के विभिन्न जिला शाखाओं के बालाघाट जिला एवं सभी तहसील शाखाओं के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सभी बौद्ध आंबेडकरी अनुयायियों की उपस्थिति में यह विशाल सम्मेलन सम्पन्न होगा। अतः आप सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धम्म लाभ लेने की अपील तहसील शाखा लांजी एवं जिला शाखा बालाघाट द्वारा की गई है।

# भानेगांव में आधी रात खूनी खेलः शादी से लौट रहे युवकों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला

## बस स्टैंड पर 6-7 हमलावरों का कहर, गले-सिर पर वार कर एक युवक को किया गंभीर घायल, इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थाना क्षेत्र के भानेगांव में आधी रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों पर अचानक चाकुओं से हमला कर दिया गया। रात करीब 1:30 बजे बस स्टैंड के पास हुई इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे गांव को दहला दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 6 से 7 हमलावरों ने युवकों को घेरकर पहले विवाद किया और फिर अचानक चाकुओं से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। जानकारी के मुताबिक, प्रदीप ठाकरे, प्रमोद ठाकरे और तुषार ठाकरे शादी से लौट रहे थे। इसी दौरान बस स्टैंड स्थित एक दुकान के सामने पहले से मौजूद आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों में बालू ठाकरे, शुभम ठाकरे निवासी भानेगांव और डूलेष सिल्हारे निवासी पारडी सहित अन्य शामिल बताए जा रहे हैं। देखते ही देखते मामूली कहासुनी हिंसक झगड़े में बदल गई और आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदीप ठाकरे के गले, सिर, कंधे और हाथों पर कई गहरे वार किए गए, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वहीं उसके दोनों साथी भी हमले में घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई और लोग दहशत में आ गए। घटना के तुरंत बाद घायलों को लांजी थाना ले जाया गया, जहां से उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए और त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमले के पीछे पुरानी रंजिश कारण हो सकती है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) और 118(1) के तहत मामला दर्ज किया है। इस खौफनाक वारदात के बाद भानेगांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस का दावा है कि मामले की गहराई से जांच कर जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

# NEET (UG) परीक्षा 2026 : बालाघाट में 8 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) के निर्देशों के अनुपालन में NEET (UG) परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए बालाघाट जिले में व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा से एक दिवस पूर्व जिला स्तरीय समन्वय समिति (DLCC) के सदस्यों द्वारा जिले के सभी 8 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश पन्द्रो, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, NTA के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट श्री अरुण कुमार तुमसरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री सी. एस. मरावी, जिला सूचना अधिकारी (NIC) श्री सुभाष चंद्र ठाकरे, पुलिस प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित केंद्राध्यक्ष उपस्थित रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुरक्षा, गोपनीयता एवं अभ्यर्थियों की सुविधाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण उपरांत सभी परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स एवं पुलिस बल की उपस्थिति में सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर केंद्रों को विधिवत सील किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया गया है कि परीक्षा दिवस पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की मौजूदगी में ही केंद्रों को डी-सील किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचें तथा NTA द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा में शामिल हों। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# तहसील का रौब दिखाकर पड़ोसी से विवाद, गाली-गलौज व धमकी पर दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज

## पुलिस को भी दी खुली चुनौती, 112 जवानों से अभद्रता

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी थाना क्षेत्र के सुनारककोड़ी गांव में घर के सामने खड़ी चार पहिया वाहन को लेकर शुरू हुआ विवाद गंभीर झगड़े में बदल गया। आरोप है कि पड़ोसी ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो भाइयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, संजीव पिता पांडुरंग वाघाड़े निवासी सुनारककोड़ी ने थाना लांजी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 अप्रैल की सुबह लगभग 8:30 बजे वे अपने घर पर थे। तभी बाहर से शोर सुनाई देने पर जब वे बाहर पहुंचे तो सामने रहने वाला शोभाराम सोनवाने उनके नाम से अपशब्द कहता हुआ विवाद कर रहा था। विवाद का कारण घर के सामने सड़क किनारे खड़ी उनकी चार पहिया गाड़ी बताया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो शोभाराम का



भाई बालकिशन सोनवाने भी मौके पर पहुंच गया। दोनों ने मिलकर अश्लील गालियां दीं और विरोध करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। घटना के दौरान आसपास के ओमप्रकाश बडघैया, बिसन वाघाड़े सहित अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी खुद को तहसील कायाज़्लय में अर्जी निवेशन का कार्य करने वाला बताते हुए रौब झाड़ रहा था और पुलिस को भी चुनौती दे रहा था। मौके पर पहुंचे डायल 112 के आरक्षक के साथ भी आरोपियों ने अभद्र व्यवहार किया और अपमानजनक बातें कहीं। घटना के बाद शिकायतकर्ता अपनी पत्नी के साथ थाना लांजी पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शोभाराम सोनवाने और बालकिशन सोनवाने के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



मा. शि. मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में परीक्षा परिणामो में शा.उ.मा.वि.जाम के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है परीक्षा फल 10वी 87/ एवं 12वीं 96/ रहा है शाला के छात्र विनायक ठाकरे ने कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में 98:6/ प्राप्त कर मध्य प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुमारी तेजस्वी लिल्हारे ने 95/ अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले छात्र-छात्राओं का एवं उनके माता-पिता का सम्मान समारोह विद्यालय में दिनांक 27/04/2026 को आयोजित किया गया था कार्यक्रम शाला के प्राचार्य श्री आर सी बिसेन मुख्य अतिथि स्थानीय जनपद सदस्य जाहिद खान विशेष अतिथि जनपद पंचायत लालबर्रा उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती पुष्प लता बघेले शिक्षिका द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच भोज लता वीरेंद्र बिसेन रूपचंद मनेश्वर सुरेंद्र बेलोन पूर्व सरपंच मुरलीधर ठाकरे ठानेंद्र ठाकरे वीरेंद्र बिसेन सेवानिवृत्त प्राचार्य चेतन सिंह देशमुख समाजसेवी राजेश नगपुरे सेन समाज जिला अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास योगेश लिल्हारे बेन सिंह देशमुख दिनेश शाकुरे सोमा लाल बघेले ने होनहार छात्र-छात्राओं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है अंत में विद्यालय स्तर पर10वी एवं 12वीं के टॉप 10 अच्छा छात्राओं को उपहार एवं पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के जय श्री नगपुरे विनायक दमाहे जितेंद्र कुतराहे डीपी मनेश्वर विवेक शुक्ला एसके खोबरागड़े एल आर रंगारे दिनेश ब्रह्मवसी सुनील शर्मा सोनवाने

# ऑनलाइन स्व-गणना के लिए अंतिम अवसर, नागरिकों से सहयोग की अपील

**बालाघाट।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए अब केवल एक ही दिन शेष रह गया है। https://se.census.gov.in पोर्टल पर "स्व-गणना" का विकल्प उपलब्ध है, जहां नागरिक 30 अप्रैल 2026 तक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक आनलाइन स्व-गणना फार्म नहीं भरा है, वे शीघ्र इसे पूरा करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि एक मई 2026 से प्रारंभ होने वाले जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं गणना' में सभी का सहयोग आवश्यक है।

# क्रूज हादसे में मृत हुये लोगों को प्रफुल्ल मिश्रा ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**मण्डला।** जबलपुर में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। भारतीय जनता पार्टी मंडला के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी पर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम हुआ यह हादसा बेहद दुखद और पीड़ादायक है। तेज आंधी-तूफान के बीच पर्यटकों से भरा क्रूज अचानक अनियंत्रित होकर डूब गया, जिससे कई परिवारों की खुशियां पल भर में उजड़ गईं। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने नम आँखों से मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस हादसे में 9 लोगों की मौत होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि लापता लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित खोज लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए भविष्य में सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत किया जाना बेहद आवश्यक है, ताकि इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो। यह हादसा न सिर्फ जबलपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक गहरा आघात है, जिसने सभी को शोक में डुबो दिया है।

# अचानक मौसम बदला ओर तेज बारिश, चला आंधी तूफान

## * बहुत से ग्रामों में ओले गिरे, मौसम बदला तो बिजली भी बंद।

हरिभूमि न्यूज मण्डला

अप्रैल माह के आखिरी दिनों से लगातार तेज धूप ओर गर्मी से जहां लोग बेहाल थे वहीं अचानक मोसम बदला दो चार दिन आंधी तूफान चला छुट-पुट कहीं-कहीं बारिश की बूंदाबांदी हुई मगर गर्मी तेज रही, विगत शुक्रवार से फिर मौसम बदला आंधी तूफान के साथ बारिश हुई मगर कल शनिवार को दिन में तीन बार आंधी तूफान के साथ तेज बारिश ने मौसम विभाग द्वारा बताए जा रहे अनुमान को सही साबित कर दिया, मौसम विभाग के बताए अनुसार आगामी 6 मई तक बारिश आंधी तूफान चलने का सोशल मीडिया पर बताया गया है, आज



सुबह से शाम तक तीन बार आंधी तूफान के साथ बारिश हुई जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, वही आस पास ग्रामों से दिन में आंधी तूफान बारिश के साथ ओले गिरने का समाचार मिला बताया गया कि खटोला किसली भीलवानी में पानी के साथ ओले गिरे, बारिश की वजह से लगातार बिजली की आपूर्ति बार बार बंद कर दी फिर पिछली रात्रि से लगातार बिजली की आवाजाही लगी है मौसम के बदलने से उमस बढ़ गई ओर फिर बिजली का बंद होना उमस भरी गर्मी से लोगों को बेहाल कर दिया ऐसे समय में बिजली विभाग से संपर्क नहीं हो पा रहा, जरा सी बारिश में ये हाल है तो आने वाले समय में क्या होगा, मेंटेनेश के नाम पर बार बार समय लेना फिर थोड़ी सी वारिश में लाइट बंद क्या है कैसे चल रहा इतना बड़ा पावर हाउस बिजली वाले ने नगर सहित ग्राम देहातो में भी यही हाल कर दिया है समाचार लिखे जाने तक बिजली की आपूर्ति बंद है।

# मण्डला के तिलक वार्ड में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज मण्डला



**मण्डला शहर के तिलक वार्ड में एक कच्चे मकान के अंदर अज्ञात युवक का शव मिला है। शनिवार को स्टेडियम ग्राउंड के पीछे नाले से लगे इस मकान में शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।**

जानकारी के अनुसार, यह मकान रामदास बैरागी का है, जो अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। पड़ोसियों को घर से तेज दुर्गंध आने पर उन्होंने रामदास बैरागी को सूचना दी। पहले किसी जानवर के मरने की आशंका जताई गई थी। सफाईकर्मियों को बुलाकर जांच कराई गई। उन्होंने मकान के पीछे से जाकर देखा तो अंदर एक व्यक्ति का शव होने की पुष्टि हुई। सूचना मिलने पर मकान मालिक रामदास बैरागी भी मौके पर पहुंचे।

रामदास बैरागी ने बताया कि कमरे के भीतर एक अज्ञात व्यक्ति औंधे मुंह पड़ा हुआ था और पूरे कमरे में बदबू फैली हुई थी। शव काफी पुराना लग रहा था और पैरों में कीड़े लगने से उसके सड़ने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि युवक मकान तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

**आयोजन** | झंकार भवन में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में शामिल हुई मंत्री श्रीमती उइके।

# बालिकाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश

## * लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के सशक्त भविष्य की मजबूत नींव।

हरिभूमि न्यूज मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने झंकार भवन मंडला में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026 के अवसर पर अपने विस्तृत और प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज की बालिकाएं कल के सशक्त समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना केवल आर्थिक सहायता देने वाली योजना नहीं है, बल्कि यह बेटियों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और आत्मविश्वासी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा,





कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, रोहित बड़कुल, अनूप नामदेव सहित अन्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला, छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद थे। अपने संबोधन में मंत्री श्रीमती उइके ने अभिभावकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शक्ति के रूप में देखें। जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार शिक्षित होता है इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश, राष्ट्र के भविष्य में निवेश है।हाल ही में कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम ने यह साबित कर दिया कि जिले की बेटियां किसी से कम नहीं है। मंत्री श्रीमती उइके और अन्य अतिथियों ने एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान के तहत परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। सभी लाड़ली बालिकाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और आने वाले समय में वे देश और समाज का नाम और भी ऊंचा करेंगी। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को सीमित न रखें, बल्कि बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए मेहनत करें। सरकार हर कदम पर उनके साथ है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के प्रारम्भ से लेकर वर्तमान तक जिले की 87943 बालिकाएं लाभान्वित, 71287 बालिकाएं छात्रवृत्ति से लाभान्वित और 1543 बालिकाएं उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि से लाभान्वित की गई हैं।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही संस्कृति प्रस्तुतियाँ देने वाली टीम को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम का संचालन अर्पिता झरिया द्वारा किया गया।

# मण्डला में जमकर चल रहा सट्टा, नारायणगंज बना सट्टे का गढ़

हरिभूमि न्यूज मण्डला

पिछले दिनों पुलिस की जबरदस्त कार्यवाही में आईपीएल में लग रहे सट्टे के पूरे नेटवर्क को पकड़ा गया था जब पुलिस इस सायबर सट्टे को पूरे गिरोह के साथ पकड़ सकती है तो फिर क्या कारण है कि जो नगर में कागजों में और पट्टियों में सट्टा लिखा जाता है उस तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही। नगर की बात करें तो नगरपालिका कार्यालय के आसपास ज्ञानदीप स्कूल के सामने की गली में इतनी बड़ी मात्रा में सट्टा का कारोबार चल रहा है कि रोजाना लाखों रूपये की कमाई ये सट्टेबाज कर लेते हैं। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र नगर का बहुत ही संवेदनशील क्षेत्र हैं जहां पास में शिक्षण संस्थायें हैं, जिला मजिस्ट्रेट का बंगला है, पास ही में पुलिस थाना, यातायात थाना और महिला थाना भी है, सामने नगरपालिका कार्यालय है इसके बावजूद इस स्थान पर खुले रूप में इतनी बड़ी मात्रा में सट्टा पट्टी का कारोबार कैसें संचालित हो पा रहा है यह समझ से परे है।



## नारायणगंज में गली-गली सट्टे का जोर

नारायणगंज क्षेत्र इन दिनों अवैध सट्टे के कारोबार का केंद्र बनता जा रहा है। जानकारी के अनुसार मोहल्ले-मोहल्ले में खुलेआम सट्टा लिखा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। खास बात यह है कि यह गतिविधियां भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भी बेखौफ संचालित हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।

सूत्रों की मानें तो सटोरिये दिनदहाड़े लोगों के बीच बैठकर सट्टा लिख रहे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर टिकरिया पुलिस की नजर इन गतिविधियों पर क्यों नहीं पड़ रही। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता या मिलीभगत के चलते सटोरियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सट्टा कारोबार के कारण युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है और सामाजिक माहौल भी बिगड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो यह कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# जल संकट से जूझ रहे परतापुर रोड रहवासी 7 दिन से नलों में नहीं आया पानी

नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज अंतर्गत आने वाले परतापुर रोड सहित पृथ्वीराज चौहान वार्ड और महामाया वार्ड के रहवासी बीते 7 दिनों से गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हालात यह हैं कि नलों में एक बूंद पानी तक नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि नल चालक की मनमानी के चलते नियमित जल आपूर्ति बाधित हो रही है। पहले यह जिम्मेदारी प्रदीप यादव के पास थी, जिसे अब सलीम खान को सौंपा गया है, लेकिन बदलाव के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। लोगों का कहना है कि नल चालक अपने परिचितों और चहेते लोगों को प्राथमिकता देते हुए पहले पानी उपलब्ध कराते हैं, जबकि अन्य रहवासी घंटों इंतजार करने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। जल संकट को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के इस दौर में जल आपूर्ति बाधित होने से आमजन का जीवन संकट में पड़ गया है। रहवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल करने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

# जर्जर सडक़ से हादसे का खतरा

## अधिवक्ता ने नगर पालिका परिषद को दिया आवेदन



**सिवनी** नगर के वार्ड सी वी रमन क्रमांक 5 में सी.सी. रोड की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में सडक़ उखडऩे और जगह-जगह गड्ढे होने से राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 5 के नागरिक अधिवक्ता हिमांशु चक्रवर्ती द्वारा नगर पालिका परिषद सिवनी को आवेदन देकर जल्द सडक़ सुधार कार्य कराने की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया कि सी.सी. रोड कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसों का खतरा बना रहता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं दोपहिया वाहन चालकों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आवेदक ने मांग की है कि वार्ड की जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सडक़ मरम्मत एवं सुधार कार्य शुरू कराया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से सडक़ की स्थिति खराब है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में संतोष चौबे स्नातकोत्तर डिग्री गोल्ड मेडल से सम्मानित



**सिवनी।** मानव अधिकार कार्यकर्ता संतोष चौबे को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा अपने गरिमापूर्ण प्रथम दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिग्री गोल्ड मेडल से सम्मानित कर अलंकृत किया गया है।

उक्त आयोजन में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोद,केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार,प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार,यूजीसी के चेयरमैन तथा विश्वविद्यालय कुलाधिपति डॉ बृजेंद्र सिंह गौतम समेत विधायक गण व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

आयोजन में संतोष चौबे के साथ प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता तपन भौमिक,सेवा निवृत लेफ्टिनेंट जनरल जी एस चंदेल,न्यूज एंकर व एबीपी की डायरेक्टर चित्रा त्रिपाठी,सनसनी न्यूज शो के होस्ट एंकर श्रीवर्धन त्रिवेदी को मानद उपाधि प्रदाय की गई है। श्री चौबे की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों इष्ट मित्रों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किए है।

# लखनादौन में तेंदूपत्ता संग्रहण पर कार्यशाला सम्पन्न

## महिला मुखिया को प्राथमिकता देने पर जोर

**लखनादौन। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण, उपचारण, बोरा भराई, परिवहन एवं गोदामीकरण की समुचित प्रक्रिया को लेकर वन विद्यालय लखनादौन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, फंड मुंशी, ठेकेदार एवं संग्राहक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**



कार्यशाला में महेंद्र उईके (वन मंडल अधिकारी), गोपाल सिंह (संयुक्त वन मंडल अधिकारी), भट्ट साहब, जाधव साहब, उप वन मंडल अधिकारी, प्रक्षु एसडीओ राहुल शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा सहित सभी छह वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं लेखापाल राकेश बघेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान तेंदूपत्ता फंड मुंशियों को मेडिकल सुविधा के अंतर्गत फरूट एड बॉक्स का वितरण भी किया गया, जिससे संग्रहण कार्य के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यशाला में बताया गया कि तेंदूपत्ता कटाई के लगभग 45 दिनों बाद संग्रहण के लिए तैयार हो जाता है। इसकी पहचान यह है कि नया पत्ता पूर्ण विकसित होकर सीधा और मजबूत रूप में टहनी पर खड़ा दिखाई देता है। वहीं झुका हुआ, मुरझाया या झुलसा हुआ पत्ता संग्रहण के लिए उपयुक्त नहीं माना जाएगा। अधिकारियों ने संग्राहकों और ठेकेदारों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दिया। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में महिला को मुखिया बनाने को प्राथमिकता दी जाए, ताकि प्राप्त राशि का उपयोग परिवार और समाज के हित में सार्थक रूप से हो सके।

वन मंडल अधिकारी का संबोधन

इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी महेंद्र उई ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सभी संग्राहक नियमों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण पत्ता संग्रहण करें और आपसी समन्वय बनाए रखें, तो इससे न केवल आय में वृद्धि होगी, बल्कि वन संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

कार्यशाला का समापन जागरूकता एवं प्रशिक्षण के साथ किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# मौसंबी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले में नेशनल हाईवे-44 पर एक सड़क हादसा हुआ है। मोहगांव सुकतरा के पास दोपहर में मौसंबी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक तेज गति से नागपुर की ओर जा रहा था। मोहगांव सुकतरा के समीप एक मोड़ पर चालक पवम यादव (40 वर्ष) ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक लहराते हुए बीच सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक पवम यादव ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंस गया था। आसपास के ग्रामीण तुरंत सहायता के लिए पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को सड़क किनारे हटाया गया। इसके बाद सड़क पर बिखरी मौसंबी को हटाकर मार्ग की सफाई करवाई गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु रूप से बहाल किया जा सका। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और मोड़ पर वाहन से नियंत्रण खोना ही हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है।ट्रक पलटने के कारण सड़क पर मौसंबी बिखर गई, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसके चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कुछ देर के लिए पूरी तरह प्रभावित रहा। हादसे के समय ट्रक की चपेट में कोई अन्य वाहन नहीं आया।

# मजदूर दिवस पर गूंज संस्था द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर गूंज संस्था द्वारा श्रमिकों के बीच एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इकोफ्रेंडली सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही श्रमिकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए एक छोटा सा मनोरंजक खेल भी आयोजित किया गया, जिसमें भाग लेने वाले श्रमिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों के बीच जागरूकता फैलाना, उनके अधिकारों की जानकारी देना तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाना रहा। आज के इस कार्यक्रम में अगरबत्ती फैक्ट्री के मालिक बत्रा ,संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान, अन्नपूर्णा मालवी, संध्या ठाकुर, अनु पटवा और मंजू जवारे की उपस्थिति रही।

# सरस्वती शिशु मंदिर में समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

(सिवनी नगर के 500 से अधिक छात्र/छात्रा कर रहे है सहभागिता)

नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा विद्यालय भैरोगंज सिवनी में प्रतिवर्षानुसार समर कैंप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ विद्याभारती जिला सिवनी के जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल की अध्यक्षता एवं श्री भगवानदास आंधवान व श्रीमती सरिता आंधवान योगाचार्य के मुख्य आतिथ्य में किया गया। संस्था प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव भी इस अवसर पर मंचासीन रहे। आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती, माँ भारती व ओम के समक्ष पूजन अर्चन, दीप मंत्र व सरस्वती वंदना से किया गया। उपस्थित मंचासीन अतिथियों का परिचय श्री प्रकाश गुप्ता व स्वागत वंदन श्री कृष्णमुरारी दुबे व श्री शिवांशु गठोरिया द्वारा किया गया। तत्तपश्चात मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उनसे ग्रीष्म अवकाश के समय का श्रेष्ठ सदुपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने इस समर कैंप के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना भी की। मोबाइल, टी.व्ही से दूर रहकर ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग प्रतिभागी छात्र/छात्रा अच्छे से करेगें इसके लिए उन्होनें प्रसन्नता भी व्यक्त की। समर कैंप में श्री नितिन चौधरी (विद्यालय अध्यक्ष) एवं डॉ.आशुतोष गौर का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

स्मर कैंप की विस्तृत जानकारी देते हुए संस्था के मीड़िया प्रभारी श्री नरेन्द्र चौरसिया ने बताया कि उपरोक्त समर कैंप के लिए सिवनी नगर के 500 से अधिक छात्र/छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया है। ये छात्र/छात्रा प्रतिदिन प्रातः 6.30 बजे से 11.00 बजे तक विभिन्न प्रकार की खेलकूद, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता करेगें। उपरोक्त समरकैंप में 8 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के छात्र/छात्रा विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जिन्हें नगर के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है।

## खेलकूद, कला कौशल और ज्ञान का होगा विकास

समर कैंप के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि कैंप में योग, प्राणायाम, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, विभिन्न भारतीय खेल, कम्प्यूटर, संगीत, स्पोकन इंग्लिश, कर्सिव राइटिंग, वैदिक गणित, सुलेख, शुद्धलेख, मेंहदी, चित्रकला, मूर्तिकला, रंगोली, घोष आदि का प्रशिक्षण छात्र/छात्राओं को प्रदान किया गया।

# किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार, 23 मई तक बढ़ी गेहूं खरीदी तिथि - प्रदीप राय

**सिवनी ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रदीप राय ने कहा है कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता में किसान सर्वोच्च स्थान पर हैं और किसी भी किसान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों की चिंता करते हुए गेहूं उपार्जन पंजीयन (स्लाट बुकिंग) की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। और सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसान 23 मई तक स्लाट बुक कर सकते है और यदि आवश्यकता हुई तो इस तिथि को आगे भी बढाया जा सकता है । प्रदीप राय ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही परेशान हों। सरकार पूरी पारदर्शिता और प्राथमिकता के साथ खरीदी सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। किसानों की उपज की समय पर तुलाई और भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

विज्ञप्ति में बताया गया कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया और पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त बारदाना, तकनीकी संसाधन और स्टाफ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि आवश्यकता हुई तो उपार्जन अवधि को आगे भी बढ़ाया जा सकता है, ताकि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे। प्रदीप राय ने दोहराया कि राज्य सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# नौशीन का एशिया कप हॉकी हेतु चयन पर मकसूद मिर्जा ने दिया साधुवाद

**सिवनी।** मेहनत करने वालों को उनकी मेहनत का फल अवश्य मिलता है। लेकिन बुलंदी पर पहुंचने के बाद इंसान को अपने सहयोगियों को नहीं भूलना चाहिए सिवनी की बेटी नौशीन का एशिया हॉकी टूर्नामेंट हेतु भारतीय टीम कैंप में चयन पर लख-लख बधाइयां।। खेलकूद विभाग की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती मकसूद मिर्जा द्वारा नौशीन को बधाई देकर बताया गया की वर्ष 2000 में सिवनी में पदभार ग्रहण करने के बाद तरफ ग्राउंड पर चार लड़कियां खिलाड़ी नौशिन खान ताहूर खान तनु बिसेन और साजदा दौडकर अभ्यास कर रही है उनकी रुचि पूछने पर उन्होंने हॉकी में रुचि होना बताया उनकी खेल के प्रति रुचि को देखते हुए श्रीमती मिर्जा ने उन्हें हांकी एवं ड्रेस दी और टफ पर रेगुलर प्रैक्टिस करने को कहा उस समय महिला कोच हेमा गौर राशिद कुरैशी शैलेंद्र यादव कोच थे।

वर्ष 2021 में ग्वालियर महिला अकादमी ने चयन करता के रूप में परमजीत जी को ताहूर नाज का चयन करने की बात कही इस दौरान श्रीमती मिर्जा ने नौशिन नाज की खेल प्रतिभा को देखते हुए उसे भी खेल में शामिल करने की बात कही और उन्होंने श्रीमती मिर्जा की बात को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती मिर्जा की बात को गंभीरता से लेते हुए उन्हें उसे अपने साथ ले गए और ग्वालियर एकेडमी में शामिल किया गया।

गौरतलब है कि नौशिन का हाकी के लिए समर्पण देखते हुए जिला हाकी संघ के अध्यक्ष डी एल गौर द्वारा राष्ट्रीय कोच परमजीत सिंह से नौशीन को एकेडमी में ले जाने हेतु आग्रह किया।उस समय नौशीन की उम्र 9 वर्ष थी, परमजीत सिंह ने कहा कि हम इतनी कम उम्र की बच्ची को नहीं ले जा सकते ?इस दौरान श्रीमती मिर्जा ने कहा कि इसका खर्च हम वहन करने को तैयार हैं ।तब परमजीत सिंह ने कहा कि ताहुर के साथतीनों को भेज दीजिएउल्लेखनीय है कि 31,12,2021को कोच शैलेंद्र यादव के साथ राहुल नौशिन तनु बिसेन व साजदा को ट्रेन से जबलपुर से ग्वालियर रवाना किया इस दौरान मेरे परिवार के लोग भी मौजूद थे

# रीवा-इतवारी एक्सप्रेस के रूट में बड़ा बदलाव: गोंदिया की जगह अब यह ट्रेन सिवनी और छिंदवाड़ा होकर गुजरेगी

**सिवनी।** नागपुर रेल मंडल के गोंदिया स्टेशन पर ट्रैक सुधार का काम शुरू होने जा रहा है, जिसकी वजह से रेलवे ने रीवा-इतवारी एक्सप्रेस के रूट में बड़ा बदलाव किया है। यह काम 3 मई से 22 मई तक चलेगा, जिससे गोंदिया की जगह अब यह ट्रेन सिवनी और छिंदवाड़ा होकर गुजरेगी। गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर पुराने वॉशेबल एप्रन को हटाकर नया बैलेस्टेड ट्रैक बिछाया जा रहा है। इस आधुनिक काम के चलते डाउन मेन लाइन को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। रेल परिचालन को सुगम बनाने के लिए इस दौरान कुछ ट्रेनों को रद्द और कुछ के मार्ग बदले गए हैं।

**सिवनी-छिंदवाड़ा होकर चलेंगी ये ट्रेनें**-रीवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 11754 (रीवा-इतवारी एक्सप्रेस) 2 मई से 18 मई के बीच तय तारीखों पर जबलपुर-नैनपुर के बाद गोंदिया जाने के बजाय सीधे सिवनी और छिंदवाड़ा होते हुए इतवारी पहुंचेगी। इसी तरह, वापसी में गाड़ी संख्या 11753 (इतवारी-रीवा एक्सप्रेस) 3 मई से 19 मई तक इसी परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, सामान्य दिनों में यह ट्रेन सप्ताह में सिर्फ चार दिन सिवनी मार्ग से चलती थी और तीन दिन गोंदिया होकर जाती थी। अब गोंदिया स्टेशन पर काम के चलते इसे पूरी तरह सिवनी मार्ग पर शिफ्ट कर दिया गया है।

## ‘स्व-परिवर्तन से विश्व-परिवर्तन’ का संकल्प

# आध्यात्मिक क्रांति के 90 वर्ष पूर्ण होने पर सिवनी में भव्य मीडिया परिचर्चा संपन्न

**सिवनी।** आध्यात्मिक क्रांति और मानवीय मूल्यों के अग्रदूत संस्थान ‘प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय’ के गौरवशाली 90 वर्ष (नवदशकोत्सव) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज स्थानीय केंद्र ‘शांति शिखर’ (पीजी कॉलेज रोड) में एक विशाल मीडिया परिचर्चा एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के प्रबुद्ध पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने ‘90 साल के दिव्य संदेश’ और ‘स्वर्णिम समाज के निर्माण’ पर गहन मंथन किया?

**ऐतिहासिक यात्रा और उपलब्धियों पर चर्चा**



कार्यक्रम के दौरान संस्थान की 90 वर्षों की स्वर्णिम एवं वैश्विक यात्रा पर प्रकाश डाला गया। ब्रह्मा कुमारीज की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने बताया कि सन 1936 में हैदराबाद (सिंध) से शुरू हुई यह दिव्य यात्रा आज विश्व के 140 से अधिक देशों में एक विशाल आध्यात्मिक आंदोलन बन चुकी है? संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादियों के अतुलनीय त्याग और कुशल नेतृत्व ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा महिला नेतृत्व वाला संगठन बनाया है, जो नारी को ‘शक्ति स्वरूप’ के रूप में प्रतिष्ठित करता है ।

## मीडिया की भूमिका और सामाजिक संकल्प

परिचर्चा का मुख्य केंद्र समाज में सकारात्मक सोच का संचार रहा। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने अपने संबोधन में कहा कि परिवर्तन का आरंभ स्वयं से होता है’ और जब हम स्वयं को बदलते हैं, तो युग बदल जाता है। उन्होंने मीडिया जगत से एक ‘सतयुगी दुनिया की नींव रखने में सहभागी बनने का आह्वान किया? कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणः पत्रकार भाई बहनों का सम्मानः समाज को दिशा देने वाले मीडिया कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतिः श्री राधे-कृष्ण और लक्ष्मी-नारायण की मनमोहक चलित झाँकियों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। पत्रकार भाइयों ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की तारीफ करते हुए कहा कि आपने तो सिवनी में वृंदावन बना दिया ऐसे मनमोहक राधे कृष्ण की चलित झांकी के दर्शन लाभ सभी शहरवासियों को लेना चाहिए। पर्यावरण संकल्पः संस्थान द्वारा 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में 2026 से 27 तक 90 लाख पौधे लगाने के महा-अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### एल.एल.बी.एवं एल.एल.एम. में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एल.एल.बी. एवं एल.एल.एम. प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रक्रिया दिनॉक-01 मई 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। नोडल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद शिववेदी ने छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में समय पर आवेदन करने की अपील की है। सह संयोजक महेश मण्डलोई ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण दिनॉक-01 मई से 15 मई 2026 तक संचालित होगा। इसमें विद्यार्थी एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकेगें पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को अपना दस्तावेजों का सत्यापन दिनॉक-02 मई से 16 मई 2026 के बीच निकटतम शासकीय महाविद्यालय में कराना होगा। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम सूची 21 मई 2026 को जारी की जायेगी सूची में नाम आने वाले विद्यार्थी को दिनॉक-21 मई से 26 मई 2026 के बीच आवंटित महाविद्यालय में शुल्क जमा कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शित एवं ऑनलाईन के माध्यम से संचालित की जा रही है। इसमें विद्यार्थियों को सुविधा के साथ एल.एल.बी. एवं एल.एल.एम. प्रथम वर्ष में प्रवेश मिल सकेगा।

नोडल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद शिववेदी ने बताया कि बार काउंशिल ऑफ इंडिया के द्वारा एल.एल.बी. में 60 सीट में प्रवेश दिया जायेगा। साथ ही इस वर्ष से एल.एल.एम. में भी प्रवेश दिया जा रहा है जिसकी सीट विश्वविद्यालय द्वारा 60 आवंटित की गई है जिसमें प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय सीमा का पालन करते हुए शीध्र पंजीयन कराये तथा उच्च शिक्षा का लाभ उठाये। समय पर आवेदन और दस्तावेज सत्यापन करने से विद्यार्थियों को अपने पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश मिलने की सम्भावना अधिक रहेगी।

### पी जी कॉलेज में सीयूईटी इंटरव्यू 14 मई तक सतत जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के एन ई पी प्रभारी डॉ मान सिंह बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 2026-27 में प्रवेश के लिए परीक्षा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में चलित साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित की जा रही है।

12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं उनको संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में आवश्यक दस्तावेजों (10वीं, 12वीं अंकसूची) के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार देना होगा।स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो मेजर/माइनर के इतर अन्य विषय/संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें भी अपने संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा। ऐसे विद्यार्थी प्रातः 11 से 2 बजे के बीच कार्य दिवस में किसी भी दिन, 14 मई 2026 तक उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते हैं। साक्षात्कार के बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र जारी किया जाता है उस प्रमाण पत्र को प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करना आवश्यक होगा। अन्यथा अन्तर संकाय / विषय में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।



### योग शिविर का अयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर यशवंत माथुर के दिशा निर्देश अनुसार आज दिनांक 02/05/2026 को योग दिवस 2026 के 50 दिवस काउंट डाउन के अवसर पर कार्यक्रम मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज कलबोड़ी में योग शिविर का अयोजन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर चक्की खमरिया व आयुष्मान आरोग्य मन्दिर हिनोतिया द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। जिसमें डॉ सरला वासनिक मेम, डॉ स्वेता मोहने,चक्की खमरिया,योग प्रशिक्षक संदीप कुमार मोरे, योग सहायक रोशनी विश्वकर्मा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर हिनोतिया, योग प्रशिक्षक सुखराम यादव चक्की खमरिया, योग सहायक शालू गोस्वामी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में योग के सूक्ष्म क्रिया का अभ्यास, आसन, प्राणायाम, ध्यान व योग के प्रति जागरूकता के लिए व्याख्यान दिया गया, जिसमें विभिन्न बीमारियों हेतु सुझाव और स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रेरित किया गया। जिससे कॉलेज प्रिंसिपल, अन्य स्टाफ व विद्यार्थियों में आज के कार्यक्रम हेतु व योग संबंधी क्रिया विधि में रुचि देखने को मिली।

## भाजपा का शासन भी और प्रशासन भी, हम तो सिर्फ आईना दिखाने का काम कर रहे हैं : अनुभा मुंजारे

# शराब दुकान हटाने को लेकर महिलाओं का आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट शहर की बुढ़ी शराब दुकान हटाने को लेकर चल रहे आंदोलन में शुक्रवार रात एक अनोखा वाकया सामने आया। दुकान पर शराब खरीदने आए एक व्यक्ति का आंदोलनकारी महिलाओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इसी दौरान वहां मौजूद विधायक अनुभा मुंजारे ने उस व्यक्ति को जमकर फटकार लगाई।**

विधायक मुंजारे ने शराब खरीदने आए व्यक्ति से कहा, ₹तुम्हें शर्म नहीं आती? मां-बहनें यहां शराब दुकान हटाने को लेकर आंदोलन कर रही हैं और तुम शराब लेने आए हो। तुम्हारे घर में मां-बहनें नहीं हैं क्या?₹ इस पर व्यक्ति ने बताया कि वह किसी और के लिए शराब लेने आया था।

दरअसल, महिलाएं लगभग 25 दिनों से इस शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। इस आंदोलन को समय-समय पर भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों का समर्थन भी मिल रहा है। शुक्रवार रात विधायक अनुभा मुंजारे भी आंदोलनकारी महिलाओं के समर्थन में पहुंची थीं।

मीडिया से बात करते हुए विधायक मुंजारे ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और प्रशासन भी उन्हीं का है। उन्होंने कहा, ₹हम तो विपक्ष में बैठे हैं और सरकार को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। यदि हमारी सरकार होती तो महिलाओं को इतने दिनों तक आंदोलन नहीं करना पड़ता।₹



आंदोलन कर रही महिलाओं ने बताया कि उनका प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक दुकान को हटाया नहीं जाता। इस मामले में प्रशासन या आबकारी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है, जिससे प्रदर्शनकारियों का गुस्सा और बढ़ रहा है। विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें महिलाएं कभी डंडे के दम पर तो कभी गांधीगिरी शैली में फूल देकर अपना विरोध दर्ज कराती दिख रही हैं। 27 अप्रैल को नगरपालिका परिषद की बैठक में नपाध्यक्ष ने बुढ़ी शराब भट्टी के 50 साल से भी अधिक पुराने भवन का निरीक्षण करने के आदेश दिए थे। हालांकि, चार दिन बीत जाने के बाद भी अब तक नगरपालिका का अमला निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है।

बताया जाता है कि भवन की जर्जर हालत के निरीक्षण के लिए जो टीम, नपा सीएमओ ने गठित की है, उस टीम के एक सदस्य की तबियत खराब हो गई है, जिसके कारण, टीम शराब भट्टी तक नहीं पहुंच सकी। संभवतः सोमवार को टीम भवन का निरीक्षण करने पहुंचेगी।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के सामने युवक की आत्मदाह की कोशिश, मचा हड़कंप!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की ग्राम पंचायत कोसमी में शुक्रवार दोपहर प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। आबादी भूमि पर किए गए निर्माण को हटाने पहुंची टीम के सामने अतिक्रमणकारी मुकेश माहुले ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर तैनात पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे आग लगाने से पहले ही सुरक्षित बचा लिया।

तहसीलदार सुनील वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई एसडीएम कोर्ट से अपील खारिज होने के बाद पूरी तरह नियमानुसार की गई है। राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अवैध भवन और बाउंड्रीवाल को जमींदोज कर दिया। प्रशासन का कहना है कि यह भूमि



आबादी क्षेत्र में आती है, जिस पर अवैध कब्जा किया गया था।

अतिक्रमण का यह विवाद तब शुरू हुआ जब कोसमी निवासी इमलाबाई निकोसे और उनके पुत्र विकास निकोसे ने जनसुनवाई में शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि मुकेश माहुले द्वारा रास्ते की जमीन पर कब्जा करने से उनका आवागमन बाधित हो रहा है। तहसील न्यायालय में सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे।

कार्रवाई के दौरान पीड़ित मुकेश माहुले ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। उनका दावा है कि यह जमीन उनके मामा डाली दमाहे के समय से यानी पीढ़ियों से उनके परिवार के पास है।

मुकेश ने बताया कि मामा की हत्या के बाद से वे ही इस स्थान की देखरेख कर रहे हैं। फिलहाल प्रशासन ने निर्माण हटाकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है।

# सार्थक ऐप के माध्यम से गलत लोकेशन से उपस्थिति दर्ज कराने वाले 15 स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के खैरलांजी में समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर मृणाल मीणा ने सार्थक ऐप के माध्यम से गलत लोकेशन से उपस्थिति दर्ज कराने वाले 15 स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

जांच में पाया गया कि कई सीएचओ और एएनएम अपने मुख्यालय के बजाय वारासिवनी और हबीबगंज (भोपाल) जैसी दूरस्थ जगहों से हाजिरी लगा रहे थे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधितों की सेवा समाप्ति की जाएगी।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, सीमांकन, नक्शा तरमीम और राजस्व वसूली में लक्ष्य से पीछे रहने वाले 7 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर ने उमेश सैयाम, राजेंद्र क्षीरसागर सहित अन्य



पटवारियों को चेतावनी दी है कि कार्यों में सुधार न होने पर उन्हें तत्काल निलंबित किया जाएगा।

खैरलांजी, कटोरी और मिरगपुर जन शिक्षा केंद्रों के निरीक्षण में कक्षा तीसरी के छात्रों का गणित और हिंदी भाषा का ज्ञान अत्यंत कमजोर पाया गया। इस शैक्षणिक लापरवाही पर कलेक्टर ने भारतलाल लिल्हारे और दिलीप बारेवार समेत 6 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कृषि विभाग की योजनाओं में शून्य प्रगति पाए जाने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तरुणा उके, सत्याशीला मेश्राम, संघर्ष लांजेवर और पूर्णिमा राउत की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने इन अधिकारियों द्वारा विभागीय गतिविधियों में रुचि न लेने पर कड़ी नाराजगी जताई।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत भजियादंड के सचिव को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही पिंडकपार, अमई और छतेरा के सचिवों को एक सप्ताह के भीतर कार्य में सुधार लाने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

# आज से कई ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी: रीवा-इतवारी परिवर्तित मार्ग से, लोकल बिरसोला तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में गोंदिया स्टेशन पर लाइन संख्या 06 में वॉशेबल एप्रन के कार्य के कारण बालाघाट से होकर गुजरने वाली रीवा-इतवारी एक्सप्रेस और कई लोकल ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। यह कार्य 3 मई से शुरू होगा।

रीवा-इतवारी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 11751/11752) परिवर्तित मार्ग से चलेगी। रीवा से यह ट्रेन 4, 6, 9, 11, 13, 16 और 18 मई को जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी तक जाएगी। इसी तरह, इतवारी से यह ट्रेन 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17 और 19 मई को इसी परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

बालाघाट और गोंदिया के बीच चलने वाली लोकल ट्रेनें केवल बिरसोला स्टेशन तक ही संचालित





होंगी। गोंदिया स्टेशन तक इनका परिचालन रद्द रहेगा।जबलपुर-गोंदिया एक्सप्रेस (ट्रेन क्रमांक 51707 और 51708) 3 मई से 22 मई तक बिरसोला और जबलपुर के बीच चलेगी। गोंदिया से बिरसोला के बीच यह रद्द रहेगी। इसके अतिरिक्त, कटंगी-तिरोड़ी मार्ग पर चलने वाली कई डेमू ट्रेनें (68813, 68814, 68809, 68810, 68811, 68812, 78803, 78804, 78805, 78806, 78809, 78810) बिरसोला से गोंदिया के बीच रद्द रहेंगी।बालाघाट स्टेशन मास्टर कृष्णकुमार चौधरी ने इन परिवर्तनों की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गोंदिया स्टेशन पर रेलवे के आवश्यक कार्य के कारण रीवा-इतवारी एक्सप्रेस का मार्ग बदला गया है और लोकल ट्रेनों का परिचालन बिरसोला से गोंदिया के बीच रद्द किया गया है।

# बैंक सीईओ पहुंचे शाखा लालबर्रा, वीसी के माध्यम से बैंकिंग कार्यों की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** कलेक्टर मृणाल मीना एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ अभिनव सिंह बघेल ने शनिवार को शाखा लालबर्रा पहुंचकर जिला स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से बैंकिंग कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ श्री बघेल ने बताया कि पूर्व में बैंक मुख्यालय स्तर से वीसी आयोजित की जाती रही है, इसी क्रम में इस बार शाखा लालबर्रा से जिला स्तरीय वीसी आयोजित कर विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।वीसी के दौरान खरीफ ऋण वितरण, मैनुअल एवं ईआरपी बैलेंस शीट, पुनर्गठन वाली 5 समितियों की हानि-हस्तियों के विभाजन से संबंधित बैलेंस शीट, माइक्रो एटीएम के माध्यम से लेनदेन, वसूली प्रगति, डेबिट कार्ड एवं रूपे केसीसी कार्ड वितरण, सदस्यता अभियान सहित समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना उपार्जन की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऋण वितरण एवं वसूली कार्य में तेजी लाई जाए, माइक्रो एटीएम के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए तथा किसानों को समय पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर प्रबंधक लेखा श्री पी. जोशी, प्रबंधक विपणन अधिकारी अशोक भवरे, श्री सारंग बिसेन, रौनक चौकसे, अमरेश परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुत्तों के हमले से सांभर शावक की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लामता सामान्य परिक्षेत्र में शनिवार को एक सांभर शावक का शव खेत में मिला। ग्रामीण ईश्वरीप्रसाद ऐड़े ने बताया कि उन्होंने खेत में शावक को मृत अवस्था में देखा, जिसके बाद उन्होंने पंचायत सरपंच और वन विभाग को सूचना दी। पशु चिकित्सक डॉ. बादल पटले के अनुसार, मृत शावक लगभग 8 माह का था। उसके पिछले हिस्से में दांतों के निशान मिले हैं, जो संभवतः आवारा कुत्तों के काटने से हुए हैं। शावक के अंदरूनी हिस्सों में भी चोट के निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण सामने आ पाएगा।

# मौसम का कहर, 45 मिनट के भयंकर तूफान से जनजीवन ठप!

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जेठ मास के पहले दिन शनिवार दोपहर बालाघाट में बारिश की सावन जैसी झी लग गई। आकाशीय गर्जना के साथ हुई एक घंटे की तेज बारिश और आंधी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण शहर में जगह-जगह पेड़ गिर गए, जिससे बिजली व्यवस्था बाधित हुई और निचले इलाकों में पानी भर गया।

बारिश और आंधी के कारण सिविल क्षेत्र में सांसद निवास, डीआईजी निवास सहित कई प्रशासनिक कार्यालयों और सड़क किनारे लगे पेड़ धराशायी हो गए। इससे रास्ते जाम हो गए और बिजली के तार टूटने से आपूर्ति प्रभावित हुई। नगरपालिका परिसर में एक पुराना पेड़ बाइक पर गिर गया, जिससे वाहन मालिक को नुकसान हुआ। शहर के निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति भी बन गई।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी मयंक तिवारी और नगरपालिका का अमला सड़कों पर व्यवस्था बहाल करने में जुट गया। वे गिरे हुए पेड़ों को हटाने और आ वा जा ही सुचारु करने का प्रयास कर रहे हैं।



जिला मौसम इकाई के कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, बालाघाट जिले में 5 मई तक आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा की संभावना है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.4 से 23.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। हवा में सुबह 58 से 66 प्रतिशत और दोपहर में 35-38 प्रतिशत तक नमी रह सकती है, जबकि हवा की गति लगभग 5 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी।

# विश्व योग दिवस की तैयारी प्रारंभ

हरिभूमि न्यू बालाघाट।

रोज करे योग नहीं होगा कभी रोग की थीम पर भारत के साथ पूरे विश्व में हर वर्ष 21 जून को योग दिवस एक साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है । जिसकी तैयारी जिले के आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित सभी आयुष आरोग्य केंद्र में की जा रही है ।

इसी योग दिवस को बहुत ही शानदार तरीके से मनाने हेतु आयुष आरोग्य केंद्र कायदी तहसील वारासिवनी में भी योगा की तैयारी रोज ग्रामीणों के साथ कई दिनों से की जा रही है । जिसके तहत जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मिलिंद चौधरी के के मार्गदर्शन में , आयुष



आरोग्य केंद्र कायदी के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष घोड़ेश्वर कुशल नेतृत्व में 2 मई को योगा का विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग शिक्षकों द्वारा कई प्रकार योग अभ्यास करवाए ओर उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया ।

इस शिविर में योग को सिखाने में विशेष रूप से योग प्रशिक्षक पूजा दुबे, योग सहायक भूमेश्वरी मानेश्वर के साथ श्रीमती पुष्पा ठाकरे , श्रीमती करुणा घोड़ेश्वर का विशेष योगदान रहा । वही योग के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया जहां उनकी भारी भीड़ उपस्थित रही और योग के इस विशेष शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया ।

# जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रथम चरण का फील्ड कार्य 1 मई से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रथम चरण का फील्ड कार्य वारासिवनी नगरीय क्षेत्र में दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है। इस चरण में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकानों, भवनों एवं परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्रित की जाएगी।

प्रथम चरण के अंतर्गत प्रत्येक मकान की स्थिति, उपयोग, निर्माण प्रकार, उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं एवं परिवारों से संबंधित प्रारंभिक जानकारी का संकलन किया जाएगा। यह कार्य निर्धारित प्रपत्रों एवं डिजिटल माध्यमों से किया जा रहा है, जिससे आंकड़ों का संकलन पारदर्शी एवं सटीक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। नगर पालिका प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे



जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास एवं नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके ने बताया कि जनगणना कार्य हेतु नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे सर्वेक्षण दल के आगमन पर सहयोगात्मक व्यवहार करें एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को सफल बनाएं।नगर पालिका प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान प्राप्त जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल शासकीय प्रयोजनों हेतु किया जाएगा।

## श्रमिक दिवस पर कामगारों/कर्मचारियों का हुआ सम्मान, बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया गया

# मॉयल की प्रगति में श्रमवीरों का महत्वपूर्ण योगदान : विवेक कुमार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर स्थित बालाघाट माइंस में कार्यरत कर्मचारियों और कामगारों के समर्पण, मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए श्रमिक दिवस के अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह खान प्रबंधक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें खदान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्रमिकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में खदान प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में कामगार उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना, उनके कार्य के प्रति समर्पण को पहचान देना और अन्य कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। चयन प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर कार्यरत कर्मचारियों के प्रदर्शन, अनुशासन और कार्य गुणवत्ता को आधार बनाया गया। समारोह में जिन कर्मचारियों को



सम्मानित किया गया, उनमें श्रीमती सरस्वती धनराज, श्री विनायक चितामन बावने, श्री अजय रौतेल, श्री उमेश मडावी, श्री आदित्य भेसम तथा श्री रामदयाल गाते प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी को विभिन्न श्रेणियों जैसे अधिकतम हाजिरी, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध एवं कविता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार ने कहा कि "हमारे कामगार हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनके समर्पण और मेहनत से ही खदान सुरक्षित और उत्पादक तरीके से संचालित हो रही है। उनका योगदान अमूल्य है और ऐसे सम्मान कार्यक्रम भविष्य में भी प्रेरणा का कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य को पहचान मिलती है और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण बनता है, जिससे सुरक्षा, उत्पादकता और कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में खदान प्रबंधन के अन्य अधिकारी भूमिगत खान प्रबंधक हेमंत बावनकर,कार्मिक विभाग के प्रमुख विवेक महाकालकर अन्य अधिकारी एवम कर्मचारी,कामगार उपस्थित रहे और सभी ने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया और अंत में सभी को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

## हृदय रोग शिविर का सफल आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत सिविल अस्पताल बैहर में हृदय रोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित किया गया था। शिविर में जबलपुर से आए शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. एल. उमा माहेश्वर ने अपनी सेवाएं देते हुए कुल 52 बच्चों की ईको जांच की।

